**CBSE Class – 4 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 13. हुदहुद**

<u>तुम्हारी समझ</u>

**(क) हुदहुद को कहीं ‘हजामिन’ चिड़िया और कहीं ‘पदुबया’ के नाम से पुकारते हैं| क्यों?**

**उत्तर-** हुदहुद को कहीं कहीं ‘हजामिन’ चिड़िया के नाम से पुकारते हैं क्योंकि इसकी चोंच नाखून काटने वाली ‘नहरनी’ से मिलती है|

हुदहुद को कही-कही ‘पदुबया’ के नाम से भी पुकारा जाता है क्योंकि यह दूब में से भी कीड़ा ढूँढ लेती है|

**(ख) हुदहुद की चोंच पतली, लंबी और तीखी होती है| इस बात को ध्यान में रखकर बताओ कि-**
*** वे कैसा भोजन खाते होंगे?**
*** चोंच से वे क्या–क्या ले सकते हैं?**

**उत्तर-** *वे छोटे - छोटे कीड़े मकोड़े खाते होंगे|

* चोंच से जमीन खोदकर भी कीड़े निकाल लेते होंगे| वे घास में छिपे हुए कीड़े-मकोड़े भी ढूँढ लेते होंगे| लड़ाई के समय चोंच को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते होंगे| अपने रहने के लिए कोसा बनाने में इसकी सहायता लेते होंगे|

<u>मैंने जाना</u>

**पाठ में ऐसे शब्दों की सूची बनाओ जो पक्षियों के लिए इस्तेमाल होते हैं|**
**पाठ पढ़ने के बाद अपनी कॉपी में एक तालिका तैयार करों और उस तालिका में मालूम की गई जानकारी लिखो|**
**उत्तर-**

| जानती थी | पढ़कर मालूम हुआ | जानना चाहती हूँ | कैसे/कहाँ से पता लगाऊँगी |
|---|---|---|---|
| गिद्ध<br>पंख (पर)<br>चोंच<br>दुम<br>अंडे<br>घोंसला | हुदहुद<br>कलगी<br>चोटी | किन-किन पक्षियोंकी कलगी होती है?<br>किस पक्षी की दुम कैसी होती है?<br>अंडे कैसे-कैसे होते | अध्यापिका से पूछकर और पुस्कालय<br>पता लगाऊँगी पक्षी-संग्रहालय से एवं<br>पुस्तकालय से|<br>उपर्युक्त तरीके से| हैं| |

<u>पहचानें कैसे</u>

**(क) अगर तुम्हें हुदहुद को पहचानने में किसी की मदद करनी है तो तुम उसे कौन-सी बातें बताओगे? चार-पाँच वाक्यों से लिखो|**

**उत्तर-** हुदहुद का सारा शरीर रंग-बिरंगा और चटकीला होता है| उसके पंख काले होते हैं उन पर मोटी सफेद धारियाँ होती है|

उसके सिर पर बादामी रंग की कलगी होती है जिसके सिरे काले और सफेद होते हैं| इसकी दुम का हिस्सा सफेद और बाहरी हिस्सा काले रंग का होता है| इसकी चोंच पतली, लम्बी और तीखी होती है|

**(ख) अब कौवे या कबूतर को पहचानने के लिए चार-पाँच बिंदु लिखो| यह जनाने के लिए तुम्हें इन पक्षियों को कुछ समय तक बहुत गौर से देखना होगा|**

**उत्तर-** कौवे की पहचान

1. कौवा काले रंग का होता है|
2. कौवा कोयल से बड़ा होता है|
3. इसके बोलने पर 'कॉव-कॉव की आवाज आती है|'
4. इसकी चोंच काली और लंबी होती है|

<u>तरह-तरह की नाम</u>

**तुम्हारे आसपास कौन - कौन से पक्षी पाए जाते हैं, उनके नामों की सूची बनाओ| तुम्हारे और तुम्हारे दोस्तों के घर की भाषा में क्या कहते हैं? जिन पक्षियो के नाम तुम्हें नहीं पता है, उनके नाम तुम्हें पता करने होंगे|**

उत्तर- पक्षियों के नाम-

1. कौवा, 2. कबूतर, 3. गौरैया, 4. कोयल, 5. तोता, 6. बगुला|

<u>बातचीत</u>

**तुमने हुदहुद से जुड़ी एक कहानी पढ़ी है| उस कहानी को बातचीत के रूप में लिखो| नीचे हमने इस बातचीत को तुम्हारे लिए शुरू कर दिया है-**

**शाह सुलेमान - अरे भाई गिद्ध! जरा मेरी बात तो सुनो|**

**गिद्ध (उड़ते-उड़ते) – कहिए, मगर जरा जल्दी से|**

**शाह सुलेमान - ...............**

**गिद्ध - ...................**

**तुम अपने दोस्तों के साथ बातचीत को कक्षा में नाटक के रूप में प्रस्तुत कर सकते हो|**

**उत्तर- शाह सुलेमान -** मुझे गर्मी लग रही है| तुम अपने पंखों से मेरे सिर पर छाया कर दो|

**गिद्ध -** हम तो इतने छोटे हैं| हम छाया कैसे कर सकते हैं?

(गिद्ध उड़ते हुए आगे चले जाते हैं| हुदहुद का मुखिया उड़ता हुआ आता है|)

**शाह सुलेमान -** अरे भाई हुदहुद! जरा इधर तो आओ|

**मुखिया हुदहुद –** (उड़ता हुआ पास आकर) कहिए, महाराज! क्या बात है?

**शाह सुलेमान -** इस समय मैं तपती धूप से परेशान हो गया हूँ| क्या तुम मेरी कुछ मदद करोगे|

**मुखिया हुदहुद -** कुछ उपाय करता हूँ| आप थोड़ी देर इंतजार कीजिए|

(थोड़ी देर में बहुत सारे हुदहुद आकाश में उड़ते हुए आते हैं और बादशाह सुलेमान के सिर पर छाया कर देते हैं)

**शाह सुलेमान –** (खुश होकर) वाह! तुम सब ने तो कमाल कर दिया|

**मुखिया हुदहुद -** यह तो हमारा फर्ज था|

**शाह सुलेमान -** तुम सब कितने अच्छे हो| मैंने तो गिद्धों से भी मदद माँगी थी| उनके पंख भी बड़े - बड़े थे| वे चाहते तो मेरी मदद कर सकते थे पर उन्होंने मेरी मदद नहीं की|

**दूसरा हुदहुद -** उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था| किसी की मदद करने में तो हमें खुशी होनी चाहिए|

**शाह सुलेमान –** (मुस्कुराते हुए) तुम गिद्धों से छोटे तो हो पर उनसे अधिक चतुर हो| तुम सबने मिलकर मेरी सहायता की है| मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ| बताओ, तुम्हारी क्या इच्छा है?

**मुखिया -** महाराज मैं अपनी सभी साथियों से सलाह करने के बाद ही अपनी इच्छा बताऊँगा|

**शाह सुलेमान -** ठीक है|

(मुखिया हुदहुद अपने साथ कुछ बातें करता है|)

**शाह सुलेमान –** सलाह हो गई? वरदान माँग लो|

**मुखिया –** महाराज! आज से हमारे सिर पर कलंक सोने की कलगी निकल आए|

**शाह सुलेमान –** (हँसकर) मुखिया इसका फल क्या होगा यह तुमने सोच लिया है?

**मुखिया –** हाँ, महाराज! खूब विचार करके यह वर माँगा है|

**शाह सुलेमान -** ठीक है, ऐसा सही हो|

(सभी हुदहुद के सिर परसोने की कलगी निकल आती है| सभी खुश हो कर चले जाते हैं|)

(कुछ दिन बाद..... महाराज के दरबार में हुदहुदों का मुखिया पहुँचता है|)

**मुखिया –** (घबराया हुआ) महाराज, हमारी रक्षा कीजिए|

**शाह सुलेमान -** क्यों क्या हुआ?

**मुखिया -** महाराज वरदान वापस ले लीजिए| जब से हमारे सिर पर सोने की कलगी निकल आई तब से लोग हमें ढूँढ-ढूँढ कर मानने लगे हैं|

**शाह सुलेमान -** मैंने तो शुरू में ही तुम्हे चेतावनी दी थी| खैर, जाओ आज से तुम्हारे सिर का ताज सोने का नहीं बल्कि सुंदर परों का हुआ करेगा|

**मुखिया -** (खुश होकर) महाराज! आपका बहुत - बहुत धन्यवाद| (पर्दा गिरता है|)

<u>रंगारंग</u>

**(क) हुदहुद का सारा शरीर रंग-बिरंगा और चटकीला होता है|**

**हुदहुद का रंग चटकीला बताया जाता है| रंग कैसे हैं- यह बताने के लिए कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया जा सकता है| जैसे, फीका रंग, चटकीले रंग आदि|**

**बताओ कि ऐसे किन - किन चीजों के रंग होते हैं|**

**उत्तर-**

| रंग का नाम | इस रंग की चीजों के नाम |
|---|---|
| गहरा<br>फीका<br>भड़कीला | पत्तियाँ, कौवा, भालू<br>आसमान, मिट्टी, खरगोश, हाथी<br>पलाश का फूल, तोता, मोर| |

| | |
|---|---|
| सुनहरा | कंगन, अगुठी, हार| |

**(ख) यूनी ने आसमानी रंग की कमीज़ पहनी है**

**'आसमानी' रंग का नाम कैसे बना होगा? सोचो|**

**(संकेत- फल, सब्जी, पत्तों आदि के नाम पर)**

**उत्तर-** बैगनी चम्पई बादामी सुनहरा, मेहँदी, सिंदूरी नारंगी जमुनी तांबई कत्थई , नीला गेरुआ

**<u>शब्द एक-अर्थ अनेक</u>**

**शाह की भेंट हुदहुद के मुखिया से हुई|**

**मुझे मेरी बहन ने एक सुन्दर भेंट दी|**

**ऊपर वाले वाक्य में भेंट का मतलब मुकालात से है, नीचे वाले वाक्य में उपहार से|**

**तुम भी कोई ऐसे चार शब्द सोचो जिनके दो मतलब नेकमते हों| उनका वाक्यों में प्रयोग करो|**

**उत्तर-**

(क) **पर** – हुदहुद के **पर** सुन्दर हैं|

आजा का काम कल **पर** मत छोड़ो|

(ख) **कलम** – हम सब **कलम** से लिखते है|

- राजा ने चोर का सर **कलम** कर दिया|

(ग) **अर्थ** - इस कविता का **अर्थ** बताओ|

हर चीज़े खरीदने के लिए **अर्थ** की आवश्यकता होती है|

(घ) **पत्र** - आम का **पत्र** पूजा के काम आता है|

आज मैंने चाचा जी को **पत्र** लिखा|

**<u>नाम</u>**

**हुदहुद एक बहुत ही सुन्दर पक्षी है|**

**हुदहुद और पक्षी, दोनों को ही हम संज्ञा कहते हैं|**

**अब नेचे दी गई तालिका को आगे बढ़ाओ|**

**हुदहुद पक्षी भारत देश अनार फल**

**उत्तर-** हाथी जानवर

मुंबई शहर

गंगा नदी

हिमालय पर्वत

इंद्र देवता

रामायण पुस्तक